हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार 5 अक्टूबर 2025
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



## खबर संक्षेप



### कृष्ण विहार कॉलोनी में गरबा नृत्य व रावण दहन

**अम्बिकापुर।** गांधीनगर स्थित कृष्ण विहार कालोनी में उड़ान महिला समिति द्वारा गरबा नृत्य एवं रावण दहन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति द्वारा ननि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत को सम्मानित किया गया। महापौर ने कहा कि नगर निगम आदर्श कार्यव्यवहार और विकास की गाथा का नया इतिहास रचने को संकल्पित है। ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी समिति द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। समारोह में गोपाल पाण्डेय ने टीम के साथ मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। इस दौरान समिति की सुनीता सोनी, कावेरी पाल, सवि चंद्रा अंजुला मिश्रा, गीता कुशवाहा, प्रिया सिंह, पिंकी यादव, शिखा कश्यप आदि उपस्थित थीं। अंत में रावण पुतले का दहन किया गया।

### श्री साई रेसीडेंसी में डांडिया, भक्ति गीतों पर झूमें कॉलोनीवासी




**अम्बिकापुर।** एमजी रोड स्थित श्री साई रेसीडेंसी में नवरात्रि पर डांडिया का आयोजन किया गया। डांडिया में रंग-बिरंगे परिधानों में सजे कॉलोनीवासी भक्ति गीतों पर झूमते रहे। आयोजन के पूर्व सुप्रिया सिंह, जासेका रवानी, श्वेता सिंह तथा योशिता अग्रवाल द्वारा महिलाओं को नृत्य का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान अमित सिंह, गणेश मिश्रा, किरन सिन्हा, नितेश अग्रवाल, अमरेन्द्र सिंह, दीपक गुप्ता, रूही मिश्रा, श्रीमती रमा नामदेव, कविता सिंह, किरन शुक्ला, अंजू सिन्हा, अभिलाषा जिंदल, गोल्डी रवानी, रजनी मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने मनाया सेवा पखवाड़ा, किया पौधरोपण



**सूरजपुर।** जिले में सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने जिला चिकित्सालय सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर फल वितरण और पौधारोपण आयोजित किया। इसी कड़ी में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष महबुल्ला रजा के नेतृत्व में और अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य इजरायल खान,और इकबाल खान की उपस्थिति में जिला चिकित्सालय में मरीज और उनके परिजनों में फल वितरण सहित विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण और बच्चों को स्टेशनरी वितरण किया गया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष जफर सिद्दीकी, जब्बार अली, अताउल हक, कबाद अली, हसनैन रज़ा, राजु अंसारी, महामंत्री इंजेमामूल हक, हसन अंसारी मण्डल अध्यक्ष विश्रामपुर समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बतौली स्कूल में असामाजिक तत्वों ने की तोड़फोड़, जमकर मचाया उत्पात



**अंबिकापुर।** जिले के बतौली शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में असामाजिक तत्वों का उत्पात जारी है। बीती रात भी असामाजिक तत्वों ने स्कूल परिसर में जमकर तोड़फोड़ की है। स्कूल के प्राचार्य ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। बताया जा रहा है कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बतौली में 30 सितम्बर की रात अज्ञात लोगों ने जमकर उत्पात मचाने के साथ ही तोड़फोड़ की थी। इस घटना की शिकायत प्रचार्य ने 1 अक्टूबर को पुलिस से की थी लेकिन इसपर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में अपराधियों के हौसले बुलंद है। बीती रात फिर से अपराधियों ने स्कूल परिसर में घुसकर बरामदे में रखे गमलों को तोड़ दिया। इसके साथ ही डस्टबिन, पानी सप्लाई के पाइप, नल टोटी, सीलिंग फैन को तोड़ दिया। इस घटना से स्कूल प्रबंधन को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। प्राचार्य ने घटना की शिकायत पुलिस से की है।

## बतौली क्षेत्र में सबसे अधिक घटनाएं

# 24 घंटे के अंदर अलग-अलग सड़क हादसों में 5 की मौत, दर्जन भर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले 24 घंटे के अंदर अलग अलग घटनाओं में 5 लोगों की मौत हो गई। सबसे अधिक तीन मौतें बतौली थाना क्षेत्र में हुई और अब तक 17 घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है। इधर शुक्रवार की दोपहर दरिमा रोड के ग्राम कंठी में बाइक भिडंत में युवक की मौत के बाद लोगों का आक्रोश भड़क उठा। लोगों ने बाइक चालक की जमकर पिटाई कर दी। आक्रोशित परिजन व ग्रामीणों ने मुआवजा व तेज रफ्तार पर लगाम लगाने कार्रवाई की मांग को लेकर चक्का जाम कर दिया।

**खास बात**

- दरिमा रोड में बाइक भिडंत में मौत के बाद लोगों ने जताया आक्रोश

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझाइश देकर मामला शांत कराया इसके साथ ही घटना की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम कतकालो निवासी 43 वर्षीय धनीराम राजवाड़े आ. सीताराम राजवाड़े श्रीगढ़ में दुकान संचालित करता है। युवक शुक्रवार को बाइक से अपने दुकान आ रहा था। इस दौरान ग्राम कंठी में अंबिकापुर की ओर से जा रहे तेज रफ्तार बाइक के चालक टपरकेला निवासी 35 वर्षीय निर्मल कुजूर आ. कंचन राम ने टक्कर मार दी। बाइक भिडंत इतनी जोरदार थी कि बाइक चालक धनीराम राजवाड़े की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। युवक के मौत की जानकारी मिलते ही परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। इसके साथ ही घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई लेकिन युवक की मौत के कारण आक्रोशित लोगों ने बाइक चालक निर्लम कुजूर को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। इस दौरान परिजन व पुलिस के बीच हलकी झूमा झटकी भी हुई।

मौत से आक्रोशित लोगों ने दरिमा रोड में चक्का जाम कर दिया। ग्रामीण मृतक के परिजन को मुआवजा के साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। लोगों का कहना है कि दरिमा रोड में आए दिन घटनाएं हो रही है इसका कारण शराब पीकर तेज गति से वाहन चलाना है। उन्होंने चेक प्वाइंट लगाकर जांच कार्रवाई करने की मांग की है और मांग पूर्ण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे एसडीओपी तुलसिंह पट्टावी व पुलिस ने समझाइश देकर मामला शांत कराया और शव को पीएम के लिए भेजा। एसडीओपी श्री पट्टावी ने बताया कि बाइक भिड़ंत के मामले में आरोपी चालक को हिरासत में लिया गया है। ग्रामीणों को समझाइश दी गई है। शराब पी कर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।



आरोपी को भीड़ से बचाती पुलिस।

### ठेला ने मारी टक्कर, ग्रामीण की मौत

दशहरा मेला से व्यापार कर लौट रहे ग्रामीण को बोलेरो के चालक ने टक्कर मार दी। इस घटना में ग्रामीण की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार बतौली सुवारपारा निवासी डबल दास चाट फुलकी का ठेला लगाकर अपना जीवन यापन करता है। ग्रामीण 2 अक्टूबर को ठेला लेकर सेदम में दुर्गा पंडाल के समीप अपनी पत्नी मंगनी बाई व पुत्र विवेक उर्फ विक्की के साथ व्यवसाय करने गया था। ग्रामीण देर रात बाजार से वापस घर लौट रहा था। इस दौरान सुवारपारा में ही तेज रफ्तार बोलेरो का चालक ठेले व ग्रामीण को टक्कर मारकर भाग गया। इस घटना में डबल दास की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में पुलिस ने परिजन की शिकायत पर बीएनएस की धारा 106(1) के तहत अपराध दर्ज किया है।

#### दशहरा मेला देखकर लौट रहा था युवक

दशहरा मेला देखकर लौट रहे युवक को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। इस घटना में युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जशपुर जिले के बगीचा अंतर्गत गरम जुरगुम निवासी 18 वर्षीय विनीत पैकरा आ. उमेश पैकरा 2 अक्टूबर को अपने दोस्तों के साथ बतौली का दशहरा मेला घूमने आया हुआ था। मेला घूमने के बाद रात को बाइक से वापस लौट रहे थे। इस दौरान बिलासपुर पुलिया के समीप बाइक सवार युवक सामने से आ रही तेज रफ्तार कार से टकरा गए। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई।

### बाइक भिड़ंत में गंभीर युवक की गई जान

लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम उदारी निवासी शिव प्रसाद आ. चंखू राम (33 वर्ष) 30 सितंबर को बाइक से गांव में घूमने निकला था। जैसे ही युवक बाइक से महादेव मंदिर के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से आमने सामने भिड़ंत हो गया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

### शिवनन्दनपुर तलवापारा निवासी युवा आभूषण कारोबारी की सड़क हादसे में मौत



**बिश्रामपुर।** नगर शिवनंदनपुर के तलवापारा निवासी युवा आभूषण कारोबारी प्रकाश सोनी पिता महेंद्र सोनी 28 वर्ष की बीती रात सरगुजा जिले के बतौली थाना क्षेत्र में चिरगा मोड़ के पास हुए सड़क हादसे में मौत हो गई है। बताया गया कि प्रकाश सोनी अपने परिजनों को किसी काम से अंबिकापुर जाने की बात कहकर अपनी बाइक से देर शाम घर से निकला था,मध्य रात्रि करीब डेढ़ बजे बतौली के पास चिरगा मोड़ में सड़क किनारे खड़ी चार पहिया वाहन से उसकी बाइक टकरा गई,घटना में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई,बतौली थाना प्रभारी सीपी तिवारी ने बताया कि खड़ी वाहन में बाईक टकराकर घुस गई जिससे युवक की मौत हो गई है, सूचना पर देर रात मौके पर पहुंची बतौली पुलिस ने शव को बरामद कर युवक के मोबाइल और उसके जेब में मिले कागजात से उसकी शिनाख्त प्रकाश सोनी 28 वर्ष के रूप में की है,मृतक युवक के मोबाइल से देर रात परिजनों को सूचना देकर मौके पर बुलाया गया,आज शुक्रवार को दूसरे दिन शव का पंचनामा व पीएम होने उपरांत शव को परिजनों को सौंप गया दिया है,हादसे की खबर के बादयुवा भाजपा नेता शिवनन्दनपुर श्यामू साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मृतक के घर जाकर शोक संतप्त परिवार को ढाँढस बंधाया।पीएम व पंचनामा उपरांत दोपहर बाद शव के गृहग्राम पहुंचने के बाद गम गीन माहौल में स्थानीय मुक्तिधाम में मृतक का अंतिम संस्कार किया गया,मृतक दो भाई व तीन बहनों में परिवार का सबसे बड़ा सदस्य था।

## घुनघुट्टा नदी में डूबे मासूम बालक का शव दूसरे दिन सलका नदी किनारे से बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम कोरेया आमापारा में खेलने के दौरान घुनघुट्टा नदी में डूबे मासूम बच्चे का शव आज शुक्रवार को घटना स्थल से नदी के रास्ते 12 किलोमीटर दूर घुनघुट्टा नदी किनारे ही बरामद हो गया है, जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम कोरेया आमापारा निवासी 9 वर्षीय बालक कक्षा चौथी का छात्र आकाश राजवाड़े पिता अमेले राजवाड़े बुधवार की दोपहर करीब दो बजे घर से खेलने की बात कहकर निकला था,लेकिन घर नहीं लौटा,परिवार ने उसकी खोजबीन शुरू की,पर कहीं सुराग नहीं मिला,गुरुवार की सुबह जब ग्रामीणों ने गांव के ही घुनघुट्टा नदी किनारे लापता छात्र का कपड़ा और चप्पल को नदी किनारे पत्थर पर पड़ा देखा तो पूरे गांव में अनहोनी होने की आशंका फैल गई,घटना की जानकारी मिलते ही जयनगर पुलिस और सूरजपुर की डीडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच रेस्क्यू शुरू किया था,सुबह से लेकर देर शाम तक नदी में सर्च ऑपरेशन जारी रहा,लेकिन गोताखोरों को मासूम बच्चे की तलाश में सफलता हासिल नहीं हो सकी थी,शुक्रवार को मासूम बच्चे का शव घटना स्थल से नदी के रास्ते करीब 12 किलोमीटर दूर ग्राम सलका महादेवपारा में घुनघुट्टा नदी किनारे बरामद किया है,ग्रामीणों ने बताया कि चार-पांच दिनों से रुक रुक हो रही बारिश की वजह से नदी का बहाव इस समय बेहद तेज है और गहराई भी अधिक है, ऐसी स्थिति में संभवतः मासूम बच्चा आकाश राजवाड़े नदी के तेज बहाव की चपेट में आ गया होगा,मासूम बच्चे के नदी किनारे मिलने की सूचना पर जयनगर थाना से उपनिरीक्षक सोहन सिंह,प्रधान आरक्षक दीपक दुबे, राजेंद्र एक्का ने परिजन को लेकर मौके पर पहुंच शव पंचनामा की कार्यवाही की है,घटना से गांव में शोक का माहौल निर्मित हो गया है।

- संयुक्त रेस्क्यू टीम ने दूसरे दिन कोरेया आमापारा से 12 किलोमीटर दूर सलका महादेवपारा स्थित नदी किनारे पड़े बालक के शव को खोजा



## चोरों ने चार महिलाओं के गले से पार किया 2 लाख 20 हजार कीमत के मंगलसूत्र व जीवतिया

**अम्बिकापुर।** दशहरा के दिन शहर के अलग-अलग भीड़ भाड़ वाले जगह से चोरों ने चार महिलाओं के गले से लगभग 2 लाख 20 हजार कीमत का मंगलसूत्र व जीवतिया पार कर दिया।

रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।जानकारी के अनुसार गंगापुर नालापारा निवासी सविता देवी पति सहेन्द्र विश्वकर्मा, बौरी पारा निवासी चंपा देवी पति रामजी राम सोनी व लुंड्रा निवासी शांति देवी पति शंकर सोनी दशहरा के दिन सरगुजा पैलेस घूमने गई थी। इसी दौरान भीड़ का फायदा उठाते हुए चोरों ने महिलाओं के गले में पहने लगभग 1 लाख 75 हजार कीमत के सोने का मंगलसूत्र व जीवतिया पार कर दिया। इसी प्रकार भगवानपुर निवासी प्रभावती देवी पति गोपाल विश्वास दशहरा के दिन अग्रसेन चौक के समीप भंडारा में प्रसाद लेने गई तभी चोरों ने उसके गले में पहले 45 हजार कीमत के सोने का चैन पार कर दिया। दोनों ही घटनाओं में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### दोस्त के साथ मेला घूमने आए युवक की सड़क हादसे में मौत

**बिश्रामपुर।** विजयादशमी में दोस्त के साथ बाईक से रामनगर मेला घूमने आए युवक की देर रात सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से टकरा जाने से बेलटिकरी निवासी शंकर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गया है,बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि रामनगर निवासी शिव सिंह अपने हीरो डीलक्स मोटर सायकल से विजयादशमी के दिन अपने बहन के यहां बेलटिकरी घूमने गया था,यहां वह अपने मित्र शंकर को मेला घूमने चलने की बात कहकर बाइक से रामनगर गांव ले आया,देर रात बाइक से दोनों मेला घूम रहे थे,इस दौरा सामने से आ रही तेज रफ्तार एक अन्य बाइक से उनकी बाइक टकरा गई।बताया गया कि बाइक को शंकर ड्राइव कर रहा था,आमने सामने हुई टक्कर में सिर में गंभीर चोट लग जाने से शंकर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक सवार रामनगर निवासी शिव सिंह को भी गंभीर चोटे आई है।घटना गुरुवार देर रात की बताई गई है,हादसे में दूसरे पक्ष के बाइक सवारों को भी गंभीर चोट की सूचना है जिन्हें इलाज के लिए अंबिकापुर ले जाया गया है,बिश्रामपुर पुलिस ने किशुन सिंह पिता साहेब सिंह की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 281, 125(ए), 106(1)का मामला पंजीबद्ध कर आज दूसरे दिन शव का पंचनामा व पीएम होने उपरांत शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है,घटना से बेलटिकरी गांव में शोक व मातम का माहौल निर्मित हो गया है।

## रामलीला में रावण वध के बाद पुतले का दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

रामलीला मैदान में पिछले 54 वर्षों से आयोजित हो रही रामलीला में दशहरे के दिन रावण वध प्रसंग का भजन किया गया। रामलीला में भगवान राम द्वारा रावण का वध करने के उपरांत रावण के पुतले का दहन किया गया। विकासखण्ड मुख्यालय में स्थानीय कलाकारों द्वारा हर साल नवरात्रि में रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। रामलीला के दौरान सरगुजा महाराज विजयादशमी की पूर्व संध्या रामलीला के मंच से आम जनता को दशहरे की शुभकामनाएं देते हैं। इस वर्ष भी सरगुजा के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने आम जनता को दशहरे की शुभकामनाएं दी। इस वर्ष राम का पात्र अभिषेक सिंह, लक्ष्मण वाल्मीकि चौधरी, सीता सक्षम चौधरी, रावण मुकेश सिंह, निर्देशक, रवि अग्रवाल, ललित मिश्रा ने अपना किरदार निभाया। दशहरे के दूसरे दिन अध्यक्ष मार्तण्ड प्रताप सिंहदेव ने मंडली के सभी कार्यकर्ताओं एवं कलाकारों को भोजन कराया। पांच दशकों से चल रही रामलीला मंडली को शासन प्रशासन द्वारा अब तक कोई सहयोग नहीं मिल पाया है। कलाकारों को प्रोत्साहित करने की जरूरत बताई जा रही है। परंपरानुसार दशहरा के दूसरे दिन भक्तिभाव से दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

- 54 वर्षों से स्थानीय कलाकार कर रहे रामलीला का मंचन



## लटोरी शासकीय अस्पताल के सामने से बाइक चोरी मामले में खरीददार समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लटोरी के सामने से खड़ी बाइक चोरी मामले में पुलिस ने खरीददार समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है।

लटोरी पुलिस ने बताया कि प्रार्थी ग्राम लटोरी कोईरापारा निवासी हंसलाल कुशवाहा पिता मनी राम 29 सितंबर को दोपहर करीब 1 बजे वह अपने हीरो एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 15 डीबी 5094 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लटोरी इलाज कराने गया था,अस्पताल के बाहर मोटरसाइकिल खड़ी कर वह अंदर चला गया,लेकिन इलाज के बाद बाहर निकलने पर देखा कि उसकी बाइक मौके से गायब थी,प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की,पतासाजी के दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने जरही जंगलपारा थाना भटगांव निवासी 22 वर्षीय शुभम सोनी पिता कालीचरण व 22 वर्षीय आकाश चौबे पिता स्व.श्याम किशोर चौबे को हिरासत में लिया,पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बाइक चोरी कर उस बाइक को अंबिकापुर खैरबार निवासी प्रिंस सोनी पिता मनोज सोनी को बेचने की बात स्वीकार की,जिस पर पुलिस ने खरीदार प्रिंस सोनी से चोरी गई मोटरसाइकिल को उसके घर खैरबार से बरामद कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय सूरजपुर पेश कर दिया है।



### दशहरा पर लोगों की भीड़ चाकूबाजी की घटनाओं से पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल

## दिन में चाकू से युवती की हत्या, शाम को युवक पर किया गया धारदार हथियार से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में युवती की चाकू से गोदकर हत्या करने के बाद महामाया मंदिर के समीप भी एक युवक पर चाकूबाजी की घटना सामने आई है। मंदिर के समीप ही भीड़ में दो लोगों ने युवक पर पीछे से हमला कर घायल कर दिया। हमले के बाद युवक ने मंदिर के अन्दर भागकर अपनी जान बचाई और बेहोश होकर गिर गया। इधर दिन के समय चाकू से युवती की हत्या और फिर शाम को युवक पर जानलेवा हमला करने से पुलिस व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए है। चाकूबाजी की घटनाओं व जिले की कानून व्यवस्था को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने भी सवाल उठाए है।

सरगुजा में इन दिनों अपराधी किस्म के लोगों के हौसले बुलंद हो गए है। पुलिस विभाग की ढील के कारण असामाजिक किस्म में लोग बेखौफ होकर गैंग बनाकर घूम रहे है और शहर सहित जिले भर में उत्पात मचा रही है। कहीं बाइकर्स गैंग का उत्पात जारी है तो कहीं गैंगवार जैसी घटनाएं हो रही है। इस बीच 2 अक्टूबर को विजयादशमी के मौके पर शहर चाकूबाजी की घटना से सहम गया। सिरफिरे आरोपी ने दिन दहाड़े युवती की चाकू से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी। युवती की हत्या का मामला ठंडा भी नहीं हुआ था कि देर शाम महामाया मंदिर परिसर के समीप चाकू बाजी की घटना हो गई। बताया जा रहा है कि महामाया मंदिर प्रवेश द्वार के समीप अमन सारथी नामक युवक पर दो लोगों ने हमला किया। हमलावरों में से एक ने उसे पकड़कर पटक दिया जबकि दूसरे ने चाकू जैसे किसी धारदार हथियार से पीठ पर हमला किया। इस दौरान अमन सारथी किसी तरह हमलावरों के चंगुल से छूटकर मंदिर की ओर भागा और मंदिर परिसर में जाने के बाद गिरकर बेहोश हो गया। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। गनीमत रही कि युवक को धारदार हथियार से गहरा जख्म नहीं लगा था।



**न्यायालय तहसीलदार सोनहत**
**जिला कोरिया (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2022-23
ग्राम- कटगोड़ी

**//ईश्तहार//**

आवेदक राकेश आ. सूरजलाल उम्र 48 वर्ष जाति उरांव निवासी ग्राम कटगोड़ी के द्वारा ग्राम कटगोड़ी में अपने बाबा ननका पिता बड़ेगेदा जिसका जन्म/मृत्यु दिनांक 10/06/2013 में हुआ है, जिसका मृत्यु पंजीयन शासकीय/अर्द्धशासकीय ग्राम पंचायत में नहीं कराए जाने के कारण आवेदन पत्र मय पंचनामा अनुलब्धता प्रमाण पत्र एवं वैध दस्तावेज के साथ न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त जन्म/मृत्यु के पंजीयन प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को दावा आपत्ति पेश करना है तो दिनांक 09/10/2025 तक स्वयं अथवा अपने मान्य किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि में आपत्ति प्रस्तुत न करने पर किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 26/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**सोनहत, जिला कोरिया (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार पटना,**
**जिला कोरिया (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र................./अ-6/2024-25

सर्व साधारण नगर पटना को सूचित किया जाता है आवेदक ललित गुप्ता आ. रामखेलावन गुप्ता निवासी ग्राम झूमरपारा पटना तहसील पटना जिला कोरिया छ.ग. के द्वारा आवेदन कर निवेदन किया गया है कि आवेदक की दादी फुलेश्वरी के नाम पर दर्ज भूमि खसरा नं. 758/8 रकबा 0.12 हे. भूमि ग्राम पटना जिला कोरिया में स्थित है। आवेदक के दादी का दिनांक 17/12/2013 को निधन हो चुका है। स्व. फुलेश्वरी पति ठौंगसू के द्वारा आवेदक की सेवा जतन से प्रसन्न होकर उसके नाम पर दिनांक 20/02/2013 को वसीयतनामा निष्पादित करते हुये अपनी उक्त भूमि आवेदक को वसीयत कर चुकी है, जिससे आवेदक काबिज है तथा आवेदक उसे वसीयतनामा के आधार पर अपने नाम पर नामांतरण कराना चाहता है। स्व. फुलेश्वरी अन्य कोई वारिस जीवित नहीं है। आवेदन पत्र के साथ स्व. फुलेश्वरी के द्वारा निष्पादित वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र खसरा बी-वन की नकल अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर प्रस्तुत है। उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 24/10/25 तक स्वयं या अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभावक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**तहसीलदार**
**पटना, जिला-कोरिया, (छ.ग.)**

तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 22 डिग्री

# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 5 अक्टूबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



4 शारदीय नवरात्रि पर भव्य चैतन्य देवियों की झांकी




## खबर संक्षेप

### नवरात्र समापन पर किया गया सिंदूर दान



**चरचा कॉलरी।** शारदीय नवरात्र के नौ दिवसीय पूजन व भव्य आयोजनों के उपरांत विजयादशमी के दिन माता रानी के विसर्जन से पूर्व परंपरागत सिंदूर दान कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। प्रातःकाल से ही दुर्गा पंडाल में महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाएं मंगलगीत गाते हुए माता के चरणों में सिंदूर अर्पित कर अंतिम प्रणाम करती रहीं। ढोल-नगाड़ों की गूंज, शंखनाद और जय माता दी के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय और उल्लासमय बन गया। माता के चरणों में सिंदूर अर्पण करने के पश्चात महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर पारस्परिक शुभकामनाएं दीं। इस अनूठी परंपरा ने सौहार्द, उमंग और सामाजिक एकता का सुंदर दृश्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सम्मिलित महिलाओं ने बताया कि सिंदूर दान की यह रस्म केवल धार्मिक आस्था ही नहीं, बल्कि सौभाग्य, समृद्धि और परिवार की मंगलकामनाओं का प्रतीक है।

### 93 ग्रामों में डीसीएस सर्वे और गिरदावरी रिपोर्ट



**बैकुण्ठपुर।** शासन के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में तहसील बैकुंठपुर अंतर्गत सभी 93 ग्रामों मे डीएससी सर्वे एवं गिरदावरी रिपोर्ट का प्रकाशन किया गया है। इन ग्राम पंचायत भवनों एवं सार्वजनिक स्थलों पर संबंधित सूचियों को चस्पा कर प्रदर्शित किया गया है। इसके संबंध में पंचनामा भी तैयार किया गया है। ग्रामीणजन सूचियों का अवलोकन कर रहे हैं। कलेक्टर के निर्देशानुसार, ग्रामीणजन नियत तिथि तक दावा या आपत्ति तहसीलदार बैकुंठपुर के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

### नवीन भाजपा जिला कार्यालय का भूमिपूजन



**बैकुण्ठपुर।** भाजपा जिला कार्यालय बैकुंठपुर कोरिया का नवीन कार्यालय का भूमिपूजन विजयादशमी के शुभ अवसर पर मुख्य आतिथ्य विधायक भईयालाल राजवाड़े एवं भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के अध्यक्षता में किया गया। नवीन भाजपा जिला कार्यालय आधुनिक बनेगा। इसमे सभाकक्ष, जिलाध्यक्ष, जिला पदाधिकारी कक्ष, मोर्चा-प्रकोष्ठ कक्ष, वीडियो कॉन्फ्रेंस हाल एवं अन्य सुविधाओं के साथ आकर्षक कार्यालय बनकर तैयार होगा। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, अनिल साहू, रविशंकर राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य गीता राजवाड़े, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, जिला कार्यालय मंत्री मंजू जिवनानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष कामतानाथ तिवारी, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, संजय चिकनजूरी, धर्मवती राजवाड़े, सुभाष साहू, अमित श्रीवास्तव, विवेक गुप्ता, गोपाल राजवाड़े, मुसाफिर सिंह, सतेन्द्र राजवाड़े, प्रखर गुप्ता, रोशन राजवाड़े, अनिल राजवाड़े आदि उपस्थित रहे।

### अनुशासन के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए नई पहल

# ड्यूटी से गैरहाजिर कर्मचारियों को मिली पौधरोपण की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

जिले में अनुशासन एवं सकारात्मक कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। इसी क्रम में ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले आरक्षकों को पारंपरिक दंड के स्थान पर समाजहित एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई। जानकारी के अनुसार आरक्षक महेन्द्र रजक रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर, आरक्षक मुनीत बखला पुलिस अधीक्षक कार्यालय बैकुंठपुर, आरक्षक अर्जुन टोप्पो रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर, आरक्षक जितेन्द्र राजवाड़े थाना बैकुंठपुर तथा आरक्षक नर्मदा श्रीवास्तव थाना सोनहत को अपने ड्यूटी से अनुपस्थित रहने के कारण पुलिस अधीक्षक श्री कुर्रे द्वारा एक नई शुरूआत के तहत 5-6 पौधे लगाने का निर्देश दिया गया। रक्षित निरीक्षक द्वारा उपरोक्त कर्मचारियों की ओआर पेशी कराई गई थी, जिसके अनुपालन में 4 अक्टूबर को सभी आरक्षकों ने पुलिस लाइन बैकुंठपुर परिसर में पौधरोपण कर अपने अनुशासनहीन व्यवहार की भरपाई एक सकारात्मक रूप में की। इस अभिनव पहल के माध्यम से पुलिस विभाग ने यह संदेश दिया है कि गलती स्वीकार कर समाज के लिए कुछ अच्छा करना ही वास्तविक सुधार है। एसपी श्री कुर्रे की यह पहल निश्चित ही अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगी। पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि वे न केवल लगाए गए पौधों की देखरेख करेंगे, बल्कि जिले में स्वच्छ एवं हरित वातावरण निर्माण के लिए भी सक्रिय रूप से योगदान देंगे।



पौधरोपण करते पुलिस कर्मी।

### सीएम ग्रामीण बस योजना का शुभारंभ कलेक्टर- एसपी ने दिखाई हरी झंडी

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का शुभारंभ शनिवार को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर बैकुंठपुर में बसों को हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस योजना के अंतर्गत कोरिया जिले में तीन प्रमुख रूटों पर बसों का संचालन प्रारंभ किया गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को अब बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। बैकुंठपुर-कटकोना रूट लगभग 40 किमी बैकुंठपुर, आनी, उरूमदुगा, कोटकताल, मुरमा, पूटा, अंगा, कटकोना। बैकुंठपुर-नगर रूट लगभग 25 किमी बैकुंठपुर, सलका, सारा, गदबदी, रटगा, नगर तथा बैकुंठपुर-डुभापानी रूट लगभग 30 किमी बैकुंठपुर, नरकेली, देवरी, मुढ़ीझरिया, कोट, जामपानी, डुभापानी। इसके अतिरिक्त अकलासरई से सुनापानी रूट लगभग 80 किमी पर भी बस सेवा प्रारंभ की जा रही है, जिसमें अकलासरई, सोनहत, बैकुंठपुर, नरकेली, देवरी, मुढ़ीझरिया, कोट, जामपानी, डुभापानी आदि गांव सम्मिलित हैं।




# बिजली उपभोक्ता से ऊर्जादाता बने सेवकराम



**बैकुण्ठपुर।** सूर्य की किरणें अब सिर्फ रोशनी ही नहीं, बल्कि आमजन की जिंदगी में नई ऊर्जा और आय का साधन भी बन रही हैं।

प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना ने बैकुंठपुर के निवासी सेवक राम राजवाड़े की जिंदगी में बड़ा बदलाव ला दिया है। जहां कभी बढ़ते बिजली बिल उनकी चिंता बढ़ाते थे, वहीं अब वे बिजली उपभोक्ता से ऊर्जादाता बन गए हैं। श्री राजवाड़े ने अपने घर की छत पर 3 केवी का सोलर प्लांट स्थापित कराया है। इस पर 78 हजार की सब्सिडी मिली है। परिणाम स्वरूप, पहले जहां हर महीने हजारों रूपए का बिजली बिल चुकाना पड़ता था, वहीं अब उनका बिजली बिल लगभग शून्य हो गया है। श्री राजवाड़े बताते हैं कि योजना की आवेदन प्रक्रिया बेहद सरल रही। एक बार आवेदन करने के बाद पूरी प्रक्रिया स्वतः पूरी हो गई और सोलर पैनल समय पर उनके घर पर स्थापित कर दिया गया। उन्हें किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। उनका कहना है कि इस योजना ने उन्हें न केवल बिजली बिल से मुक्ति दिलाई, बल्कि ऊर्जा उत्पादक बनने का अवसर भी दिया है। श्री राजवाड़े ने केन्द्र और राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डबल सब्सिडी ने इस योजना को आमजन तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई है, इससे लोग जागरूक होकर सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

## फूड प्वाइजनिंग से ओड़गी के ग्राम भाड़ी में दहशत का माहौल

**अम्बिकापुर/सलका-अघिना।** जिले में हुई बारिश के बाद एक बार फिर मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है। मौसमी बीमारी की चपेट में छोटे बच्चे से लेकर बड़े बुजुर्ग शामिल है जो उल्टी दस्त से पीड़ित हो रहे है। कुछ दिनों पूर्व दो लोगों की मौत के बाद ओड़गी विकासखंड में के भांडी गांव में फूड प्वाइजनिंग ने गांव में दहशत फैला दी है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग न सिर्फ सतर्क हो गई है बल्कि गांव में शिविर लगाकर लोगों की जांच व उपचार शुरू कर दिया है। गांव में नौ लोग डायरिया पीड़ित पाए गए जिनका उपचार चल रहा है। ग्राम पंचायत भाड़ी में फूड प्वाइजनिंग से पनिकापारा निवासी बिमला पति धनसाय (40 वर्ष) सबसे पहले मौत हो गई थी। उसके बाद प्रीति पति गोपाल (30 वर्ष), कुंवारों पति केवला (65 वर्ष) को उल्टी दस्त की शिकायत के बाद अस्पताल पहुंचने से पहले मौत हो गई। गांव में अभी नौ लोग प्रभावित हैं। गांव के सरपंच राम रतन ने बताया कि परिवार उल्टी दस्त से जूझ रहा है लेकिन वक्त रहते इलाज न मिलने से हादसा हो गया। डायरिया से मौत होने के बाद स्वास्थ्य विभाग मामले को गंभीरता से लेते हुए सीएचएमओ निर्देश पर विकासखंड चिकित्सा अधिकारी ने तत्काल गांव में शिविर लगाया और शिविर में जांच जांच के दौरान लगभग नौ अन्य मरीज पीड़ित मिले जिनका इलाज जारी है। स्वास्थ्य विभाग आशंका है कि दूषित पानी और खानपान की वजह से यह ग्रामीण डायरिया से पीड़ित हुए है। गांव में साफ सफाई और जागरूकता पर जोर दिया जा रहा है।

# पेट और लिवर रोग परामर्श शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

■ एसईसीएल कर्मचारियों के लिए निःशुल्क सुविधा

कोरिया-एमसीबी जिले के स्थानीय मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल (यूएमएच), रायपुर ने एक नई पहल की है।

पेट एवं लिवर संबंधी बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए आगामी रविवार 5 अक्टूबर को विशेष परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में देश के ख्यातिप्राप्त पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ प्रो. डॉ. विनोद कुमार सिंह तथा गैस्ट्रो सर्जन डॉ. प्रवेश शुक्ला अपनी सेवाएं देंगे। शिविर मनेन्द्रगढ़ मेट्रो हॉस्पिटल एनएच 43, सुबह 9 से 11 बजे तक, बैकुंठपुर शिवानी हॉस्पिटल धौराटिकरा में दोपहर 12 से 2 बजे तक शिविर लगेगा। विशेषज्ञ चिकित्सक पेट और लिवर से जुड़ी कई जटिल समस्याओं का निदान व उपचार संबंधी परामर्श देंगे। इसमें पेट में जलन, आंतों में दर्द, पेट का अल्सर, लीवर की पुरानी समस्याएं, पित्त की थैली में पथरी, पैनक्रियाज संबंधी रोग, बड़ी आंत की गांठ या कैंसर, कब्ज, पेट फूलना, पीलिया, मल में खून आना, बवासीर और फिशर जैसी तकलीफें शामिल हैं। इस शिविर की सबसे खास बात यह है कि एसईसीएल ▶▶ शेष पेज 4 पर

### चाकू खरीदकर पेट्रोल पंप पहुंचा और कर दी हत्या

**अम्बिकापुर।** पेट्रोल पंप में काम करने वाली युवती की बेरहमी से हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बात करने से मना करने से आरोपी युवती से नाराज था इसलिए उसने युवती के हत्या की योजना बनाई। आरोपी ने घटना से कुछ देर पहले ही एक हार्डवेयर दुकान से चाकू खरीदा था।

मामले में पुलिस मृतिका की लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही घटना की जांच कर रही है। बता दें कि दशहरा के दिन सुबह 11.40 बजे श्री कृपा फ्यूल में काम करने वाली युवती बलरामपुर जिले के चांदो अंतर्गत ग्राम शाहपुर मगाजी निवासी 28 वर्षीया विद्यावती उर्फ भारती टोप्पो आ. हीरालाल टोप्पो पर ड्यूटी के दौरान एक युवक ने चाकू से हमला कर दिया था। आरोपी युवक ने पेट्रोल पंप परिसर में युवती को दौड़ा दौड़ाकर चाकू से गोद दिया था।

# ढोल-नगाड़ों, डीजे की धुन और जयकारों से गूंजा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरचा कॉलरी

■ चरचा कॉलरी में मां दुर्गा की भव्य विसर्जन यात्रा

कोयलांचल क्षेत्र के चरचा कॉलरी में विजयादशमी के एक दिन बाद शुक्रवार की शाम मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा ऐतिहासिक और भव्य रूप में निकाली गई। सुभाष नगर स्थित दुर्गा पंडाल से प्रारंभ हुई शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

विसर्जन यात्रा ढोल-नगाड़ों, डीजे की धुन और जय माता दी के जयकारों से गूंज उठी, जिससे पूरा नगर भक्ति और उत्साह में डूब गया। शोभायात्रा से पूर्व हनुमान मंदिर की दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन पारंपरिक छत्तीसगढ़ी शैलजा नृत्य और अबीर-गुलाल के साथ किया गया। इसके पश्चात मिलानी क्लब बंगाली समाज द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना और सिंदूर की होली खेली गई। एक दिन पूर्व गुरूवार की रात रावण दहन कार्यक्रम के बाद भव्य जागरण का आयोजन किया गया था, जिसमें जस गीतों की मधुर गूंज के बीच महिलाएं और पुरूष मां के चरणों में झूमते नजर आए। शुक्रवार की सुबह परंपरागत सिंदूर दान की रस्म अदा की गई। महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित कर चरण स्पर्श किया और एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर सौभाग्य व समृद्धि की मंगलकामनाएं दीं। शाम 7 बजे सुभाष नगर पंडाल से जैसे ही प्रतिमा के साथ विसर्जन यात्रा निकली, माहौल उत्साह और भक्ति से सराबोर हो गया। रंग-बिरंगी लाइटों से सजी झांकियों और ढोल-नगाड़ों की थाप ने माहौल को और भी रोमांचक बना दिया।

यह यात्रा सुभाष नगर से होकर महाराणा प्रताप चौक, नेपाल गेट, व्हीटीसी और राजीव गांधी चौक तक निकाली गई। देर रात होने के कारण यात्रा को यहीं से वापस लौटाया गया। सुभाष नगर पहुंचने पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने माता दुर्गा की प्रतिमा के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। भावुक माहौल में महिलाओं की आंखें नम हो गइंृ और माता को विदाई दी गई। विसर्जन का अंतिम चरण जिले के सबसे बड़े झुमका बांध में संपन्न हुआ, जहां विधि-विधान से प्रतिमा विसर्जित की गई।





विर्सजन के लिए ले जाते प्रतिमा। झूमते श्रद्धालु।

## कांग्रेसियों ने किया बिजली ऑफिस का घेराव



विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

**बैकुंठपुर।** बिजली बिल हाफ योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा समाप्त किए जाने एवं बिजली दरों में वृद्धि के विरोध में शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया द्वारा जिला मुख्यालय बैकुंठपुर स्थित विद्युत विभाग कार्यालय का घेराव किया गया। कांग्रेसजन राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय से रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए विद्युत कार्यालय पहुंचे और वहां आमसभा का आयोजन किया। कार्यक्रम के अंत में कांग्रेसियों ने राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष नजीर अजहर, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, संयुक्त महामंत्री वेदांती तिवारी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी तिवारी, वरिष्ठ नेता मुख्तार अहमद, अजय सिंह, अनिल जायसवाल, परबिहारी राजवाड़े, हेमसागर यादव, कृष्ण कुमार राजवाड़े, सुरेन्द्र तिवारी, रामाधार टोप्पो, साहब अख्तर, रवि राजवाड़े, धीरज सिंह, श्रीमती संगीता राजवाड़े, संजोती मरकाम, चांदनी सोनी, रियाजउद्दीन, दीपक गुप्ता, अर्पित जायसवाल, राजीव गुप्ता, एसएन मोदी, मनीष सिंह, मोनू मांझी, अंकित गुप्ता, विपुल, संतोष गोयन, विजय चक्रधारी, रामसाय सोरी, फैजान ढेबर, राकेश जायसवाल, फरोग सिद्दीकी, वासिम खान, सुजीत सोनी, राजेश पैकरा, इंद्रदेव पांडे, जानू वसीम, एजाज गुड्डू, आरिफ सहित काफी संख्या में कांग्रेसी मौजूदर रहे।

# शिवधारा बिहारपुर में दुर्गोत्सव का धूमधाम से आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** मानव कल्याण विकास संस्थान, शिवधारा बिहारपुर में शारदेय नवरात्र के अवसर पर जगत जननी मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा-भक्ति के साथ की गई। आयोजन में पूरे अंचल के श्रद्धालु उत्साहपूर्वक शामिल हुए और भक्ति रस में सराबोर नजर आए।

कार्यक्रम के प्रारंभ में एकल अभियान मनेन्द्रगढ़ के बंधुवर एवं भगनियों द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने इन मनमोहक प्रस्तुतियों की मुक्त कंठ से सराहना की। आयोजन में मानस मंडली सिरौली, बिहारपुर, चिरई पानी, नौगई, सरौला और गडराकुंड के कलाकारों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। साथ ही क्षेत्र के वरिष्ठजन सुंदरलाल और बाबा त्रिलोकीनाथ को शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के सचिव भूपेन्द्र सिंह ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष रामसागर कुर्रे द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक गुलाब कमरो, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शरण सिंह, जनपद अध्यक्ष मनेन्द्रगढ़ श्रीमती जानकी कुसरो, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्रावती, संस्था के पदाधिकारी एवं क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में देवन सिंह, बबन सिंह, अमोल सिंह मरावी, शिवशंकर साहू, श्रीमती लीलावती साहू, सरपंच श्रीमती सुनीता सिंह, पूर्व सरपंच सुखनंदन सिंह, डॉ. किरण वर्मा, पुष्करलाल तिवारी, लखनलाल श्रीवास्तव, सुरेश श्रीवास्तव, केशव जायसवाल, रघुवर गुरुजी, आनंद राय, उमेन सिंह, संजय सिंह, शिवगोपाल सिंह, शशिकला श्रीवास्तव, पूर्व सरपंच विजय सिंह, रविसागर, बलराम सिंह, तीरथ सिंह, राजकुमार सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। रात्रि में आयोजित जगराता कार्यक्रम में भक्तजन माता काली और बजरंग बली के सुमधुर जसगीतों में देर रात तक झूमते-नाचते नजर आए।



संबोधित करते पूर्व विधायक गुलाब कमरो।

### टांगी से प्राणघातक हमला आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** मामूली सी बात पर नाराज ग्राम बरगवां निवासी केहटूराम बसदेवा (70 वर्ष) ने 17 जुलाई को गांव के ही दिनेश सिंह से गाली-गलौज कर टांगी से उसके सिर पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। ग्रामीण के हमले में गंभीर दिनेश सिह का इलाज रायपुर स्थित डीकेएस अस्पताल में चल रहा था। पीड़ित के भाई मकरध्वज सिंह की रिपोर्ट पर दरिमा पुलिस ने धारा 296, 351, 115 के तहत मामला दर्ज किया था। उपचार उपरांत पीड़ित के घर लौटने पर उसका कथन लेने के साथ बेड हैड टिकट के आधार गंभीर चोट होने की जानकारी प्रकरण में धारा 109 जोडा तथा आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया।

### वाहन चालक होते हैं परेशान

# फिर मवेशियों का जमता है सड़क पर डेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

सड़कों पर मवेशियों के स्वच्छंद विचरण रोकने के प्रयास विफल नजर आ रहे हैं। इस तरह की हालत शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों की है, इसके चलते वाहन चालकों को सड़कों पर मवेशियों के विचरण के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ता तो है ही वहीं सड़कों पर पशुओं के विचरण के कारण दुर्घटना होने की संभावना भी बराबर बनी रहती है।

सड़कों पर मवेशियों के स्वच्छंद विचरण के कारण विभिन्न मार्गो पर अक्सर सड़क दुर्घटना होती रहती है, जिसमें वाहन चालक को चोटिल होते ही है, वहीं पशु भी घायल हो जाते हैं। जिला प्रशासन द्वारा सड़कों पर पशुओं को हटाने के लिए नगरीय निकाय के अधिकारियों के साथ जनपद के अधिकारियों को भी निर्देशित किया है, बावजूद सड़कों पर पशु सभी क्षेत्रों की मुख्य सड़कों पर प्रतिदिन सुबह से लेकर रात तक देखे जा सकते हैं। शहर के विभिन्न मार्गो के अलावा एनएच 43 पर भी प्रतिदिन



सड़क पर मवेशी।

### कलेक्टर कार्यालय मार्ग में ज्यादा समस्या

स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशी शहर के विभिन्न मार्गो में तो वितरण करते ही है वहीं शहर से कलेक्टर कार्यालय पहुंच मार्ग पर भी जगह-जगह मवेशी सड़क पर प्रतिदिन सुबह से लेकर रात में स्वच्छंद सड़कों पर कब्जा किए होते हैं। कलेक्टर पहुंच मार्ग पर तलवापारा से लेकर खरवत चौक तक जगह-जगह मवेशियों को सड़कों पर देखा जा सकता है।

मवेशियों के चलते वाहन चालक परेशान होते हैं, नगरीय निकाय एवं पंचायत के ▶▶ शेष पेज 4 पर




## खबर संक्षेप

### स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत सफाई मित्रों को किया गया सम्मानित

**अम्बिकापुर।** सैनिक स्कूल में शुक्रवार को प्रातः कालीन प्रार्थना सभा के दौरान स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। प्रशासनिक अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर जेम्स नायर ने सफाई मित्रों को सम्मानित किया। सम्मान समारोह में विद्यालय के सभी कैडेट्स एवं शिक्षक उपस्थित थे। स्क्वाड्रन लीडर श्री नायर ने सफाई कर्मियों के कार्यो व समर्पण की सराहना की तथा कहा कि विद्यालय परिसर की स्वच्छता का श्रेय सफाई मित्रों को ही जाता है। उन्होंने कैडेटों को भी स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने और इसे सेवा भावना से अपनाने का आह्वान किया।

### अरूणा सिंह को भाजपा जिला महामंत्री का दायित्व

**अम्बिकापुर।** भाजपा ने संगठन में पहली बार किसी महिला को जिला महामंत्री का दायित्व सौंपा है। जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की नई टीम में श्रीमती अरूणा सिंह को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गोंड जनजाति समाज की श्रीमती अरूणा सिंह लंबे समय से संगठन और सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय है। उन्होंने भाजपा महिला मोर्चा, सरगुजा जिला संगठन, जनजातीय समाज, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्व सहायता समूहों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे अभियानों में उल्लेखनीय योगदान दिया है साथ ही प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा, विशेष आमंत्रित सदस्य प्रदेश कार्यसमिति, महिला मोर्चा की जिला प्रभारी, राष्ट्रीय सेविका समिति, जनजाति सुरक्षा मंच व जनजातीय गौरव में महत्वपूर्ण दायित्व निभा चुकी हैं।

### गांधी-शास्त्री के विचार हर युग में प्रासंगिक : त्रिपाठी

**अम्बिकापुर।** महामना मालवीय मिशन द्वारा गांधी चौक पर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इस दौरान गांधी जी के प्रिय भजन वैष्णवजन ते तेने कहिए का सामूहिक गायन किया गया। सदस्यों द्वारा भारतेंदु भवन में वर्तमान परिपेक्ष्य में महात्मा गांधी एवं शास्त्री के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में मिशन के संस्थापक सदस्य हरिशंकर त्रिपाठी ने कहा कि महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी के विचार हर युग में प्रासंगिक हैं। उनके बताए मार्ग का अनुसरण कर देश और समाज का कल्याण किया जा सकता है। उन्होंने दोनों महापुरूषों के प्रेरक प्रसंगों को सुनाया। मिशन के अध्यक्ष ब्रह्माशंकर सिंह ने कहा कि सत्य एवं अहिंसा के पैरोकर गांधी जी ने हर स्थिति में सत्यनिष्ठा का पालन करते हुए समाज को एक नई दिशा दी। करो या मरो का नारा देने वाले गांधी जी तथा जय जवान जय किसान का नारा देने वाले शास्त्री जी जैसे महान विभूतियां अपने यशस्वी शरीर से हमेशा जीवित रहते हैं। पूर्व अध्यक्ष डीएन द्विवेदी ने कहा कि महापुरूषों का जीवन संघर्ष हमें सदैव प्रेरणा देता है। अदम्य साहस और सादगी के प्रतीक दोनों महान नेता देश के लिए प्रेरणा के स्त्रोत हैं। हमें इनके सादा जीवन उच्च विचार से सीख लेनी चाहिए। पेंशनर समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश चौबे ने कविता का पाठ किया। जय गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, दुर्गा प्रसाद तिवारी, पं.रामनारायण शर्मा, एमएम मेहता, रहिशंकर सिंह, डॉ.वीके सिंह ने भी अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन राजनारायण द्विवेदी तथा आभार प्रदर्शन प्रकाश कश्यप ने किया।

### घर के सामने से चोरों ने पार की बाइक

**सूरजपुर।** घर के सामने खड़ी बाइक को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 16 न्यू बाजारपारा निवासी राहुल जैन आ. कैलाश चंद जैन 1 अक्टूबर की रात 11 बजे अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 डीई 5204 को खड़ा किया था। सुबह उठा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो बाइक चोरी होने की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## श्रमिकों से जुड़े कई गंभीर मुद्दों पर चर्चा

# गांधी जयंती पर नेशनल फ्रंट इंडियन ट्रेड यूनियन की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



गांधी जयंती के अवसर पर नेशनल फ्रंट इंडियन ट्रेड यूनियन की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्टीय अध्यक्ष डॉ. दीपक जायसवाल उपस्थित रहे। बैठक में श्रमिकों से जुड़े कई गंभीर मुद्दों पर चर्चा हुई और प्रबंधन से ठेका श्रमिकों को न्याय दिलाने की मांग रखी गई।

डॉ. श्री जायसवाल ने कहा कि एसईसीएल प्रबंधन कोलियरी कामगारों को दुर्गा पूजा और दीपावली के अवसर पर 1.3 लाख रूपए बोनस के रूप में प्रदान किया गया है, लेकिन विडंबना यह है कि ठेका श्रमिक जो उत्पादन और उत्पादकता का मुख्य आधार हैं, उन्हें आज भी सालाना बोनस से वंचित रखा गया है। उन्होंने कहा कि सौभाग्य की बात है कि हसदेव क्षेत्र में इस समय दो-दो मंत्री मौजूद हैं और हमें विश्वास है कि ठेका श्रमिकों के साथ जो अन्याय हो रहा है मंत्रियों द्वारा ठेकेदारी मजदूर के न्याय के लिए कदम उठाया जाएगा। डॉ. जायसवाल ने कहा कि संपूर्ण एसईसीएल में ठेका श्रमिकों की अथक मेहनत से ही उत्पादन लक्ष्य पूरे होते हैं। उनके वेतन से ईपीएफ और सीएमपीएफ की कटौती तो होती है, लेकिन इसकी सही जानकारी उन्हें उपलब्ध नहीं कराई जाती। इस पर उन्होंने मांग की कि सभी श्रमिकों को सीएमपीएफ/ईपीएफ कटौती का स्पष्ट विवरण दिया जाए।

दीपावली से पूर्व प्रत्येक ठेका श्रमिक को 15,000 रूपए सालाना बोनस दिया जाए। बैठक में एसईसीएल मकानों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। डॉ. जायसवाल ने कहा कि एसईसीएल में कार्यरत अधिकारी और कर्मचारी मकानों पर कब्जा जमाए हुए हैं, जबकि 40-42 साल सेवा देने वाले कामगार जब सेवानिवृत्त होते हैं तो उनसे मकान खाली कराने के नाम पर लाखों रूपए रोक लिए जाते हैं और उन पर एफआईआर तक दर्ज कर दी जाती है। उन्होंने मांग रखी कि इस पर रोक लगाते हुए आवास उन्हीं कामगारों को आवंटित किए जाएं, जैसा कि अन्य कंपनियों (जैसे भेल) में किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्षों से कंपनी के खंडहर क्वार्टरों में रह रहे रिटायर्ड कामगारों और उनके परिवारों को भेल की तर्ज पर मकान उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि एसईसीएल में ठेकेदारों द्वारा किया जा रहा शोषण तुरंत बंद होना चाहिए, अन्यथा श्रमिक संगठन आंदोलन करने पर बाध्य होंगे। प्रदेश की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए डॉ. श्री जायसवाल ने कहा कि इस जिले में न तो कोई बड़ा उद्योग-धंधा है, न मेडिकल कॉलेज और न ही उच्च शिक्षण संस्थान। परिणामस्वरूप, शिक्षित युवा बेरोजगार हैं। उन्होंने घोषणा की कि आने वाले समय में बेरोजगारों का एक विशाल सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, तभी उनकी समस्याओं का निराकरण संभव होगा। बैठक में श्रमिकों, ठेका मजदूरों और बेरोजगारों की समस्याओं को केन्द्र में रखते हुए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए और एसईसीएल प्रबंधन व सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष अहमद हुसैन , छोटेलाल वर्मा, कमल वैश्य, बैजनाथ सेन, नासिर अली एवं अन्य पदाधिकारी गण शामिल रहे।

## शारदीय नवरात्रि पर भव्य चैतन्य देवियों की झांकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बैकुंठपुर द्वारा शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर 27 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चैतन्य देवियों की जीवंत, ध्वनि और प्रकाश से सुसज्जित भव्य झांकी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिवस झांकी का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं वर्तमान विधायक सोनहत-भरतपुर श्रीमती रेणुका सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, सेवानिवृत्त प्राचार्य सीता यादव, ओमप्रकाश अयोध्या, तथा ब्रह्माकुमारी संचालिका बीके रेखा दीदी उपस्थित रहीं। विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने ब्रह्माकुमारी संस्थान में आकर राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास किया और कहा कि यहां आकर उन्हें गहरी शांति का अनुभव हुआ। उन्होंने बताया कि वे संस्था के मुख्यालय माउंट आबू भी जा चुकी हैं, जहां उन्हें स्वर्ग जैसी अनुभूति हुई थी। उन्होंने चैतन्य देवियों की झांकी की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह झांकी अद्वितीय, अलौकिक और अत्यंत आकर्षक है। बीके रेखा दीदी ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान की झांकी मात्र मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह समाज को आत्म-जागृति, सकारात्मकता, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक मूल्यों का गहरा संदेश देती है। उन्होंने समझाया कि देवी कोई बाहरी शक्ति नहीं, बल्कि हमारे भीतर निहित दिव्य शक्तियों का प्रतीक हैं। राजयोग मेडिटेशन के नियमित अभ्यास से आत्मा देह-अभिमान से मुक्त होकर संयम, सात्विकता, ब्रह्मचर्य और दिव्य गुणों को धारण करती है ,तभी व्यक्तित्व देवी स्वरूप धारण करता है। दीदी ने देवी की 8 भुजाओं का भावार्थ स्पष्ट करते हुए बताया कि ये सहनशीलता, संयम, परखने की शक्ति, निर्णय क्षमता, सामना करने की शक्ति, संकुचित को विस्तृत करने की, समेटने की तथा समायोजन करने की आंतरिक शक्तियों का प्रतीक हैं। काम, क्रोध, लोभ और मोह जैसी आसुरी प्रवृत्तियों पर विजय प्राप्त कर ही आत्मा देवत्व को प्राप्त कर सकती है।

दीदी ने बताया कि परमपिता परमात्मा से शक्तियां प्राप्त करने के लिए निःशुल्क राजयोग मेडिटेशन कोर्स की शुरूआत 4 अक्टूबर से की जा रही है। जिसका समय प्रातः 8 से 9 बजे तक, रात्रि 7 से 8 बजे तक, रात्रि 8 से 9 बजे तक स्थान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, गढ़ेलपारा बैकुंठपुर में किया जाएगा। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे इनमें से किसी एक समय में आकर कोर्स का लाभ अवश्य लें।

## स्वच्छ भारत दिवस पर सम्मानित हुए स्वच्छता सेवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर



कलेक्टर डी राहुल वेंकट के दिशा-निर्देशन में एवं जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में 17 से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा का आयोजन पूरे जिले में किया गया। परिणाम स्वरूप प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्वच्छता श्रमदान कर जनप्रतिनिधियों युवाओं कर्मचारियों अधिकारियों ग्रामीणजन ने सहभागिता सुनिश्चित कर गांव को स्वच्छ बनाने केलिए सराहनीय योगदान दिया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा स्वच्छ स्वेच्छोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत जिले की विभिन्न ग्राम पंचायत में डोर टू डोर कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण कार्य में संलग्न स्वच्छाग्राहियों समूह का स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की ओर से स्वच्छ भारत दिवस 2 अक्टूबर को सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत साल्ही, चौघड़ा,नागपुर सीरियाखोह ,शंकरगढ़ बरबसपुर, लालपुर की महिलाओं को मुख्य अतिथि ने साल श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भूपेन्द्र सिंह, संतलाल साहू, भुनेश्वर पैकरा, जयदीप त्रिपाठी, मोहित हटकें, अनिल सिंह, बबन सिंह सचिवों का भी सम्मान किया गया। स्वच्छाग्राहि सम्मान कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव श्रीमती चंपादेवी पावले, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, जनपद अध्यक्ष जानकी खुसरो, जिला सदस्य अनीता सिंह, जिला सदस्य उजित नारायण सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिमा यादव, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव, सीईओ जनपद वैशाली सिंह ,जिला समन्वयक राजेश जैन, प्रभारी ब्लॉक समन्वयक प्रभा पयासी के साथ ग्रामीण स्वच्छाग्राहि सचिव उपस्थित रहे।

## साहित्यकार बीरेन्द्र मानसेवी डॉक्टरेट अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



छग की पांच दशक की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्था संबोधन साहित्य एवं कला विकास संस्थान के वरिष्ठ साहित्यकार बीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव को उनके आंचलिक पर्यावरण एवं साहित्य क्षेत्र के लेखन में उनके विशिष्ट योगदान के लिए कांस्टीट्यूशनल क्लब ऑफ इंडिया नई दिल्ली के सेमिनार हॉल में आयोजित एक विशेष सम्मान समारोह में साहित्य सेवा अवॉर्ड काउंसिल नई दिल्ली द्वारा मानसेवी साहित्य डॉक्टरेट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

संबोधन साहित्य एवं कला विकास संस्थान के अध्यक्ष अनिल जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि साहित्य सेवा अवॉर्ड काउंसिल भारत सरकार द्वारा अनुमोदित ऐसी संस्था है जो देशभर के साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले व्यक्तित्व को प्रदान किया जाता है। संबोधन संस्थान अपने उद्देश्य के अनुरूप रचनात्मक प्रतिभाओं को मंच तक पहुंचाने एवं उनका मनोबल बढ़ाने के लिए प्रयासरत रही है। बीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव की अब तक प्रकाशित तीन पुस्तकें बरगद की चिंता,1996, आज का एकलव्य 2019 एवं विश्व पुस्तक मेला में कृषि एवं सहकारिता मंत्रालय दिल्ली के हिन्दी सलाहकार गिरीश पंकज एवं डॉ.बीआर साहू द्वारा विश्व पुस्तक मेला 2025 में लोकार्पित पुस्तक बीरेन्द्र श्रीवास्तव चुनी हुई कविताएं आज हिंदी साहित्य की धरोहर है, इनकी पुस्तक आज का एकलव्य प्रधानमंत्री की निजी पुस्तकालय में शामिल है। छग के पर्यावरण एवं पर्यटन के जाने अनजाने धरोहरों के बारे में अपने विशेष आलेख के लिए उन्होंने पूरे छग में पहचान बनाई है,उनकी चर्चित पुस्तक छग केअनजाने पर्यटन स्थल जल्दी ही अक्टूबर माह में आने की संभावना सरगुजा संभाग के कई अनजाने पर्यटन स्थलों के पन्नो को उजागर करेगी। श्री श्रीवास्तव विगत वर्ष 2024 में कोरिया साहित्य महोत्सव केमंच पर अभिव्यक्ति साहित्यिक संस्था द्वारा घोषित सर्वश्रेष्ठ वागीश सम्मान 2024 से सम्मानित किए जा चुके हैं। अंचल के साहित्य जगत को डॉक्टरेट अवार्ड से सम्मानित बीरेन्द्र श्रीवास्तव से साहित्य के क्षेत्र में बहुत अपेक्षाएं हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### कांग्रेसियों ने किया...

बिहारी राजवाड़े, हेमसागर यादव, कृष्ण कुमार राजवाड़े, सुरेन्द्र तिवारी, रामाधार टोप्पो, साहब अख्तर, रवि राजवाड़े, धीरज सिंह, श्रीमती संगीता राजवाड़े, संजोती मरकाम, चांदनी सोनी, रियाजउद्दीन, दीपक गुप्ता, अर्पित जायसवाल, राजीव गुप्ता, एसएन मोदी, मनीष सिंह, मोनू मांझी, अंकित गुप्ता, विपुल, संतोष गोयन, विजय चक्रधारी, रामसाय सोरी, फैजान ढेबर, राकेश जायसवाल, फरोग सिद्दीकी, वासिम खान, सुजीत सोनी, राजेश पैकरा, इंद्रदेव पांडे, जानू वसीम, एजाज गुड्डु, आरिफ सहित काफी संख्या में कांग्रेसी मौजूदर रहे।

### पेट और लिवर...

कर्मचारियों को पूर्णतः निःशुल्क परामर्श सुविधा दी जाएगी। अन्य मरीज भी बहुत ही न्यूनतम शुल्क पर विशेषज्ञों की राय ले सकेंगे।

**आधुनिक जांच सुविधा फाइब्रोस्कैन-** शिविर में फाइब्रोस्कैन जैसी अत्याधुनिक जांच सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके माध्यम से मरीज लीवर की वास्तविक सेहत की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल प्रबंधन का कहना है कि ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में पेट व लीवर संबंधी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को बड़े शहरों का रूख करना पड़ता है। इस पहल से स्थानीय लोगों को घर के पास ही उच्च स्तरीय परामर्श व जांच सुविधा मिलेगी। उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल रायपुर का 200 बिस्तरों वाला मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल है, जो छग के विभिन्न जिलों में समय-समय पर इस तरह के स्वास्थ्य शिविर आयोजित करता रहा है।

### फिर मवेशियों का...

जिम्मेदारों को इस दिशा में निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की जरूरत है, जिससे कि सुरक्षित सड़क पर वाहन चालक सुरक्षित आवागमन कर सके।

**शहर क्षेत्र में नपा की टीम-** नगर पालिका परिषद द्वारा शहर क्षेत्र में पशुओं के स्वच्छंद विचरण को रोकने के लिए टीम गठित की गई है, जो शहर के विभिन्न मार्गो पर पशुओं को खदेड़ने में लगे रहते हैं। शाम ढलने के बाद पशुओं को मिनी स्टेडियम में ले जाकर गेट बंद कर दिया जाता है। नपा टीम की सक्रियता के कारण शहर क्षेत्र में मुख्य मार्गो में स्थिति काफी हद तक सुधरी है, लेकिन शहर के कई क्षेत्रों में पशुओं को स्वच्छंद विचरण करते देखा जा सकता है तथा शाम ढलने के बाद मोहल्लों में पशुओं का डेरा जम जाता है।

**कई पशुओं में नही लगी रेडियम पट्टी-** सड़क पर कब्जा कर खड़े व बैठे पशुओं को रात्रि में सड़क दुर्घटना से बचाने के लिए गौरक्षा वाहिनी के पदाधिकारियों ने पहल करते हुए गौवंशों के गले में रेडियम पट्टी लगाने कवायद प्रतिवर्ष की जाती है, इस वर्ष भी कुछ दिनों पूर्व सड़कों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले गौवंशों के गले में रेडियम पट्टी बांधी गई, ताकि उन्हें दुर्घटना से बचाया जा सके, लेकिन यह पर्याप्त है। वर्तमान में कई क्षेत्रों के सड़क पर ज्यादातर गौवंशों के गले में रेडियम पट्टी नदारत दिखाई देती है, ऐसे में अभियान चलाकर कुछ दिनों तक गौवंशों के गले में रेडियम पट्टी लगाने की जरूरत है।

## शुरू हुआ कुष्ठ रोग जागरूकता सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़




जिले में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 2 से 8 अक्टूबर तक कुष्ठ जागरूकता सप्ताह की शुरूआत की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ।

इसके बाद जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. मो. वसीक अस्दक, अवनीश पांडेय और कुष्ठ सहायक नोडल संतोष सिंह ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बताया गया कि कुष्ठ कोई लाइलाज बीमारी नहीं है, बल्कि इसका 100 प्रतिशत इलाज संभव है। जरूरत है केवल सही समय पर पहचान और उपचार की। डॉ. मो. वसीक अस्दक ने बताया कि समाज में आज भी कुष्ठ के प्रति कई तरह की गलतफहमियां फैली हुई है, जबकि यह पूरी तरह से ठीक होने वाली बीमारी है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति में हल्के रंग का धब्बा, धब्बे वाले स्थान पर सुन्नपन, कोहनी के पास नस का मोटापन या कान के ऊपर मोटापन जैसे लक्षण दिखाई दें, तो उसे तुरंत स्वास्थ्य केन्द्र जाकर जांच करानी चाहिए। जिला कुष्ठ अधिकारी ने यह भी बताया कि कुष्ठ रोग की सभी दवाइयां जिले के प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र में निःशुल्क उपलब्ध हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि लक्षण दिखने पर बिना झिझक उपचार लें और दूसरों को भी इस संबंध में जागरूक करें।

## नम आंखों से दी गई माता को विदाई मांड नदी में किया गया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर



नवरात्र के पावन अवसर पर नगर समेत क्षेत्र के पंडालों में विराजमान मां दुर्गा की पूजा अर्चना के बाद नम आंखों से विदाई दी गई। नगर के जयस्तंभ चौक गायत्री मंदिर एवं लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में स्थापित माँ दुर्गा की प्रतिमा के साथ नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान माँ दुर्गा को विदाई देने आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा था। गाजे बाजे एवं आतिशबाजी के साथ निकली माँ दुर्गा की शोभायात्रा का श्रद्धालुओं द्वारा जगह जगह स्वागत किया गया। नगर भ्रमण के दौरान नगरवासियों ने माँ दुर्गा की प्रतिमा पर पुष्पवर्षा करते हुए उन्हें भारी मन से विदा किया। पूरे शहर का भ्रमण करने के बाद तीनों समितियों की शोभायात्रा बारी बारी से केशला मांड नदी पहुंची जहां श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना के बाद बोझिल मन से मां दुर्गा की प्रतिमा को मांड नदी में प्रवाहित किया। इधर मांड नदी में मूर्ति विसर्जन के दौरान प्रशासन की उदासीनता के कारण भारी अव्यवस्था का आलम व्याप्त था। मूर्ति विसर्जन को लेकर प्रशासन द्वारा व्यवस्था चाक चौबंद होना चाहिए था ताकि कोई हादसा न हो इसके बावजूद मांड नदी के पास विसर्जन को लेकर कोई तैयारी नहीं थी।








